प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

**18 मई 2026**

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री गुणवीर सिंह को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने श्री गुणवीर सिंह को 18 मई 2026 से कार्यपालक निदेशक (ईडी) नियुक्त किया है।

ईडी के पद पर पदोन्नति से पूर्व, श्री सिंह बैंक के भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग के प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

श्री सिंह को रिज़र्व बैंक में तीन दशकों से भी अधिक का अनुभव है, उन्होंने रिज़र्व बैंक में भुगतान और निपटान प्रणालियों, बैंकिंग और गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण, जोखिम निगरानी, सरकारी बैंकिंग और अन्य क्षेत्रों में कार्य किया है। उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ ओमान में भुगतान प्रणाली विशेषज्ञ के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री सिंह भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

श्री सिंह एक सनदी लेखाकर तथा लागत और संकर्म लेखापाल हैं।

**(ब्रिज राज)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/285**